रजिस्ट्री सं. डी.एल.- 33004/99 REGD. No. D. L.-33004/99

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

सी.जी.-डी.एल.-अ.-30102026-277536
CG-DL-E-30102026-277536

असाधारण
EXTRAORDINARY

भाग III—खण्ड 4
PART III—Section 4

प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं. 638] नई दिल्ली, बृहस्पतिवार, अक्तूबर 29, 2026/कार्तिक 7, 1948
No.638] NEW DELHI, THURSDAY, OCTOBER 29, 2026/KARTIKA 7, 1948

भारतीय मानक ब्यूरो

(उपभोक्ता मामले विभाग)

अधिसूचना

नई दिल्ली, 27 अक्तूबर, 2026

एफ.सं.बीएस /11/07/2026-27.— केन्द्रीय सरकार, भारतीय मानक ब्यूरो अधिनियम, 2016 (2016 का 11) की धारा 39 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, और भारतीय मानक ब्यूरो (वैज्ञानिक संवर्ग भर्ती) विनियम, 2019 को उन बातों के सिवाय अधिक्रांत करते हुए, जिन्हें ऐसे अधिक्रमण से पहले किया गया है या करने का लोप किया गया है, ब्यूरो, केन्द्रीय सरकार के पूर्व अनुमोदन से उपभोक्ता मामले मंत्रालय, भारतीय मानक ब्यूरो में वैज्ञानिक के पदों पर भर्ती की पद्धति को विनियमित करने के लिए एतद्वारा निम्नलिखित विनियम बनाता है, अर्थात्:-

1. **संक्षिप्त नाम और प्रारंभ** – (1) इन विनियमों का संक्षिप्त नाम भारतीय मानक ब्यूरो (वैज्ञानिक संवर्ग भर्ती) विनियम, 2026 है।

(2) ये राजपत्र में प्रकाशन की तारीख को प्रवृत्त होंगे।

2. **परिभाषाएं** – (1) इन विनियमों में, जब तक कि संदर्भ से अन्यथा अपेक्षित न हो -

(क) "अधिनियम" से भारतीय मानक ब्यूरो अधिनियम, 2016 (2016 का 11) अभिप्रेत है;

(ख) "नियुक्ति प्राधिकारी" से महानिदेशक अभिप्रेत है;

(ग) "मूल्यांकन समिति" से विनियम 14 के उप-विनियम के (3) अंतर्गत गठित समिति अभिप्रेत है;

(घ) गेट से भारतीय विज्ञान संस्थान और भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थानों द्वारा संचालित इंजीनियरिंग में ग्रेजुएट एप्टीट्यूड टेस्ट अभिप्रेत है तथा गेट प्राप्तांक की वैधता वह होगी जो गेट आयोजक संस्थान द्वारा समय-समय पर विनिश्चित की जाएगी;

(ङ) "आंतरिक छानबीन समिति" (Internal Screening Committee) से विनियम 14 के उप-विनियम (2) के अंतर्गत गठित समिति अभिप्रेत है;

(च) "सार्वजनिक प्रकटीकरण योजना" से कार्मिक, लोक शिकायत और पेंशन मंत्रालय, भारत सरकार के कार्मिक और प्रशिक्षण विभाग की वह पहल अभिप्रेत है, जिसके अंतर्गत केन्द्रीय सरकार की भर्ती एजेंसियों जैसे संघ लोक सेवा आयोग, रेलवे भर्ती बोर्ड, रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन, भारतीय नौसेना और कर्मचारी चयन आयोग आदि द्वारा आयोजित भर्ती परीक्षाओं के अननुशंसित इच्छुक उम्मीदवारों (ऐसे उम्मीदवार जो लिखित परीक्षा में अर्हता प्राप्त करते हैं किंतु साक्षात्कार के बाद अनुशंसित नहीं होते हैं) के अंकों को सार्वजनिक रूप से उपलब्ध कराया जाता है;

(छ) "अनुसूची" से इन विनियमों के साथ संलग्न अनुसूची अभिप्रेत है;

(ज) "वैज्ञानिक संवर्ग" से विनियम 3 और 4 के अधीन गठित भारतीय मानक ब्यूरो वैज्ञानिक संवर्ग में विनिर्दिष्ट पद अभिप्रेत हैं;

(झ) "छानबीन समिति (Screening Committee)" से विनियम 9 के अंतर्गत गठित समिति अभिप्रेत है;

(ञ) "चयन समिति" से विनियम 10 के अंतर्गत गठित समिति अभिप्रेत है;

(ट) "नियम" से भारतीय मानक ब्यूरो नियम अभिप्रेत हैं;

(2) ऐसे शब्दों और पदों के, जो इन विनियमों में प्रयुक्त हैं और परिभाषित नहीं है, विभिन्न अधिनियमों या नियमों में परिभाषित हैं, वही अर्थ होंगे, जो उनके क्रमशः अधिनियम और नियमों में समनुदेशित हैं।

3. वैज्ञानिक संवर्ग का गठन – एक वैज्ञानिक संवर्ग का गठन किया जाएगा जिसे 'भारतीय मानक ब्यूरो वैज्ञानिक संवर्ग' कहा जाएगा जो प्रथम अनुसूची के स्तम्भ (2) में विनिर्दिष्ट पदों और इन विनियमों की द्वितीय अनुसूची में दिए गए विषयों में नियुक्त व्यक्तियों से मिलकर बनेगा।

4. वैज्ञानिक संवर्ग के सदस्य - निम्ननिलिखित व्यक्ति वैज्ञानिक संवर्ग के सदस्य होंगे, अर्थात:

(क) पूर्ववर्ती भारतीय मानक संस्थान सेवा संवर्ग के ऐसे व्यक्ति, जो अधिनियम के अधीन वैज्ञानिक संवर्ग के सदस्य बन गए हैं;

(ख) इन विनियमों के लागू होने से पहले भारतीय मानक ब्यूरो के वैज्ञानिक संवर्ग में नियुक्त व्यक्ति; तथा

(ग) इन विनियमों के अंतर्गत नियुक्त व्यक्ति।

5. भर्ती की पद्धति, वेतन मैट्रिक्स में स्तर, आयु-सीमा, अर्हताएं, आदि – भर्ती की पद्धति, वेतन मैट्रिक्स में स्तर, आयु-सीमा, अर्हताएं और उनसे संबंधित अन्य बातें वे होंगी जो प्रथम अनुसूची में विनिर्दिष्ट हैं।

6. वैज्ञानिक 'ख' पर सीधी भर्ती – (1) वैज्ञानिक 'ख' के पद पर सीधी भर्ती उप-विनियम (3) के अनुसार निम्नलिखित के आधार पर की जाएगी:

(क) द्वितीय अनुसूची में विनिर्दिष्ट उन विषयों के संबंध में सार्वजनिक प्रकटीकरण योजना के अधीन किसी भी नवीनतम परीक्षा में अंतिम प्राप्तांक;

(ख) द्वितीय अनुसूची में विनिर्दिष्ट विषयों के संबंध में गेट प्राप्तांक;

(ग) उन विषयों के संबंध में जिनके लिए सार्वजनिक प्रकटीकरण योजना या गेट के अधीन कोई परीक्षा आयोजित नहीं की जाती है, सार्वजनिक प्रकटीकरण योजना में शामिल एजेंसी से भिन्न किसी सरकारी एजेंसी द्वारा आयोजित नवीनतम राष्ट्रीय स्तर की परीक्षा में प्राप्त प्राप्तांक या महानिदेशक द्वारा अनुमोदित किसी पेशेवर संस्थान या एजेंसी के माध्यम से ब्यूरो द्वारा आयोजित प्रतियोगी परीक्षा में प्राप्तांक:

परंतु उन समान विषयों के मामले में जिनमें सार्वजनिक प्रकटीकरण योजना और गेट के अंतर्गत परीक्षा आयोजित की जाती है, यदि उपयुक्त विषय के उम्मीदवार उपलब्ध हैं तो रिक्तियों को प्रारंभ में सार्वजनिक प्रकटीकरण योजना के अधीन किसी परीक्षा के माध्यम से भरा जाएगा, और यदि समान विषयों की रिक्तियां खाली रह जाती हैं, तो उन्हें कार्यकारी समिति के अनुमोदन के पश्चात गेट प्राप्तांक के माध्यम से भरा जा सकेगा:

परंतु यह और कि कार्यकारी समिति, विषय-क्षेत्र के आधार पर सार्वजनिक प्रकटीकरण योजना के अंतर्गत आयोजित की जाने वाली परीक्षा की पहचान करेगी, जिससे वैज्ञानिक 'ख' के पद पर भर्ती की जाएगी।

(2) वैज्ञानिकों की विषयवार आवश्यकता का निर्धारण वैज्ञानिकों की विद्यमान संख्या और विषयवार रिक्तियों के आधार पर कार्यकारी समिति के अनुमोदन से किया जाएगा।

(3) रिक्तियों को भरने का तरीका इस प्रकार होगा:-

क) यथा अवधारित रिक्तियों का विज्ञापन अखिल भारतीय स्तर पर प्रमुख समाचार पत्रों में दिया जाएगा जिसमें अन्य बातों के अतिरिक्त विषय-वार पदों की संख्या, योग्यता, आयु, अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों और ऐसी अन्य श्रेणियाँ जो समय समय पर केन्द्रीय सरकार द्वारा अधिसूचित की जाएगी, के आरक्षण के बारे में पूरी जानकारी दी जाएगी;

ख) केन्द्रीय सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त या सरकारी विनियामक निकायों द्वारा अनुमोदित किसी विश्वविद्यालय/संस्थान/बोर्ड से इंजीनियरिंग या प्रौद्योगिकी या चिकित्सा में स्नातक उपाधि या समतुल्य, अथवा प्रकृत विज्ञान में स्नातकोत्तर उपाधि या समतुल्य धारण करने वाले ऐसे उम्मीदवार, जिनकी अधिकतम आयु तीस वर्ष हो, वैज्ञानिक 'ख' के पद के लिए आवेदन करने के पात्र होंगे:

परंतु यह कि ब्यूरो के अधिकारियों और कर्मचारियों के मामले में तथा व्यक्तियों की ऐसी श्रेणियों के संबंध में, जिन्हें केन्द्रीय सरकार द्वारा समय-समय पर अधिसूचित किया जाए, अधिकतम आयु-सीमा शिथिल की जा सकेगी;

ग) यथालागू, सार्वजनिक प्रकटीकरण योजना के अधीन किसी परीक्षा में अंतिम प्राप्तांक या गेट प्राप्तांक वाले उम्मीदवारों को साक्षात्कार के लिए अल्पसूचीबद्ध किया जाएगा और साक्षात्कार अथवा समूह चर्चा और साक्षात्कार के लिए बुलाए जाने वाले उम्मीदवारों की संख्या, योग्यता क्रम में संबंधित विषयों में विज्ञापित रिक्तियों की संख्या के छह गुना से अधिक नहीं होगी;

घ) प्रतियोगी परीक्षा के माध्यम से नियुक्ति के लिए,ब्यूरो महानिदेशक द्वारा अनुमोदित किसी पेशेवर संस्थान या एजेंसी के माध्यम से एक प्रतियोगी परीक्षा आयोजित करेगा और साक्षात्कार अथवा समूह चर्चा और साक्षात्कार के लिए बुलाए जाने वाले उम्मीदवारों की संख्या,प्रतियोगी परीक्षा में न्यूनतम पचास प्रतिशत अंक प्राप्त करने वाले उम्मीदवारों में से,योग्यता क्रम में संबंधित विषयों में विज्ञापित रिक्तियों की संख्या के छह गुना से अधिक नहीं होगी;

ङ) सार्वजनिक प्रकटीकरण योजना में शामिल एजेंसी से भिन्न किसी सरकारी एजेंसी द्वारा आयोजित राष्ट्रीय स्तर की परीक्षा के माध्यम से नियुक्ति के लिए, कार्यकारी समिति का अनुमोदन प्राप्त किया जाएगा और साक्षात्कार अथवा समूह चर्चा और साक्षात्कार के लिए बुलाए जाने वाले उम्मीदवारों की संख्या, योग्यता क्रम में संबंधित विषयों में विज्ञापित रिक्तियों की संख्या के छह गुना से अधिक नहीं होगी।

च) अभ्यर्थियों का चयन विषय-वार एक या अधिक चयन समितियों द्वारा निर्धारित योग्यता के आधार पर किया जाएगा, जो खंड (ग) में विनिर्दिष्ट सार्वजनिक प्रकटीकरण योजना के अंतर्गत परीक्षा के अंतिम प्राप्तांक या गेट प्राप्तांक, यथास्थिति, अथवा खंड (घ) में विनिर्दिष्ट परीक्षा प्रक्रिया अथवा खंड (ङ) में विनिर्दिष्ट परीक्षा के प्राप्तांक को 85 प्रतिशत भारांक तथा खंड (ग), खंड (घ) और खंड (ङ) के अंतर्गत साक्षात्कार अथवा समूह चर्चा और साक्षात्कार को 15 प्रतिशत भारांक देकर प्राप्त कुल अंकों के आधार पर निर्धारित की जाएगी;

छ) उन मामलों में जहां अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों और केन्द्रीय सरकार द्वारा अधिसूचित अन्य श्रेणियों के लिए आरक्षित रिक्तियों को खंड (ग), (घ), (ङ) और (च) में निर्धारित मानदंडों के आधार पर नहीं भरा जा सकता है, वहां इन उम्मीदवारों की उपयुक्तता के अधीन शिथिलता प्रदान करके इनका चयन किया जाए;

ज) सफल उम्मीदवारों की एक आरक्षित सूची तैयार की जा सकती है जो ऐसी सूची तैयार किए जाने की तारीख से एक वर्ष की अवधि के लिए वैध रहेगी:

परंतु यह कि आरक्षित सूची में उम्मीदवारों की संख्या विज्ञापित पदों की संख्या से अधिक नहीं होगी।

7. वैज्ञानिक 'ख' के लिए परिवीक्षा और प्रतिभू बंधपत्र (Surety Bond) - (1) सीधी भर्ती द्वारा वैज्ञानिक 'ख' के रूप में नियुक्त अथवा पदोन्नत उम्मीदवारों की परिवीक्षा अवधि दो वर्ष होगी जिसके दौरान महानिदेशक द्वारा उस प्रशिक्षण की व्यवस्था और यथा आवश्यक दायित्व दिया जाएगा तथा उन्हें परिवीक्षा अवधि की समाप्ति के लिए विहित विभागीय परीक्षा या परीक्षाएं उत्तीर्ण करनी होगी।

(2) परिवीक्षा की अवधि समाप्त होने पर परिवीक्षाधीन अभ्यर्थी की मूल्यांकन रिपोर्ट प्राप्त करने के लिए और निम्नलिखित के लिए कदम उठाए जाएंगे –

(क) यदि परीवीक्षाधीन अभ्यर्थी ने नियुक्ति प्राधिकारी की संतुष्टि के अनुसार परिवीक्षा अवधि पूर्ण की हो तो, यथास्थिति उसकी पुष्टि की जाएगी एवं परिवीक्षा अवधि की संतोषजनक समाप्ति से संबंधित आदेश जारी किया जाएगा; या

(ख) संबद्ध नियमों और आदेशों के अनुसार परिवीक्षा की अवधि बढ़ाई जाएगी, जो छह माह से अधिक न हो या परिवीक्षाधीन अभ्यर्थी कार्यमुक्त किया जाएगा अथवा परिवीक्षाधीन अभ्यर्थी की सेवाएं समाप्त की जाएगी:

परंतु यह है कि यदि परिवीक्षाधीन व्यक्ति एक पदोन्नत कर्मचारी है, तो समुचित चयन समिति की सिफारिशों पर उसकी सेवा समाप्त करने के बजाय उसे उसके पूर्व पद पर वापस भेजा जा सकता है।

(3) यथास्थिति, परीवीक्षाधीन अभ्यर्थी की पुष्टि करने या परीवीक्षा अवधि को बढ़ाने के निर्णय की सूचना अभ्यर्थी को परीवीक्षा अवधि समाप्त होने के सामान्यत: आठ सप्ताह के भीतर प्रदान की जाएगी।

(4) परिवीक्षा अवधि पूरी होने के बाद परिवीक्षाधीन अभ्यर्थी की पुष्टि स्वतः नहीं होगी, अपितु इसके लिए औपचारिक आदेश जारी किया जाएगा; और ऐसे किसी आदेश के अभाव में, ऐसा परिवीक्षाधीन अभ्यर्थी परिवीक्षा पर ही माना जाएगा।

(5) जिस तारीख से पुष्टि किया जाना प्रभावी हो, यथास्थिति, वह विहित परिवीक्षा अवधि अथवा विस्तारित परिवीक्षा अवधि की अगली तारीख होगी।

(6) वैज्ञानिक 'ख' के पद पर नियुक्त अभ्यर्थी को ब्यूरो में न्यूनतम तीन वर्ष की अवधि की सेवा का प्रतिभूबंधपत्र देना होगा जो कि ब्यूरो द्वारा विनिर्दिष्ट प्ररूप में होगा और कोई अभ्यर्थी यदि नियुक्ति की तारीख से तीन वर्ष से पूर्व या तो त्यागपत्र देकर सेवा छोड़ने का निर्णय लेता है या बिना अनुमति के सेवा से अनुपस्थित रहता है, तो उसे अंतिम लिए गये

वेतन की दर पर ब्यूरो को छह माह की परिलब्धियां लौटानी होंगी, यदि उसने कमतर अवधि के लिए काम किया हो, उस मामले में उसे ली गई पूरी राशि लौटानी होगी।

8. प्रतिनियुक्ति द्वारा चयन – (1) जहाँ कार्यकारिणी समिति ब्यूरो के हित में ऐसा करना आवश्यक समझे, वहाँ वह वैज्ञानिक 'ग' और इसके ऊपर वैज्ञानिक 'छ' पद के स्तर तक के पदों को प्रतिनियुक्ति पर भर सकेगी:

परन्तु वैज्ञानिक 'च' और वैज्ञानिक 'छ' के पदों की दशा में केन्द्रीय सरकार का अनुमोदन लेना होगा।

(2) ऐसे पदों को प्रमुख समाचार पत्रों में विज्ञापित किया जाएगा, जिसमें प्रथम अनुसूची में विनिर्दिष्टानुसार पदों की संख्या, अर्हताएँ, अनुभव, आयु-सीमा और विशिष्ट विशेषज्ञता, यदि आवश्यक हो, से संबंधित पूर्ण जानकारी देनी होगी।

(3) जो उम्मीदवार अर्हताओं को पूरा करते हैं और छानबीन समिति द्वारा शॉर्टलिस्ट किए गए हों, उन्हें चयन के लिए बुलाया जाएगा।

9. छानबीन समिति (Screening Committee) – (1) प्रतिनियुक्ति द्वारा और विनियम 6 के उप-विनियम (3) के खंड (घ) को छोड़कर सीधी भर्ती द्वारा भरे जाने वाले पदों के लिए, ब्यूरो के तीन अधिकारियों से मिलकर बनने वाली एक छानबीन समिति होगी, जो वैज्ञानिक 'घ' के स्तर से नीचे के नहीं होंगे, और उनमें से ज्येष्ठ अधिकारी समिति का अध्यक्ष होगा, जिसे महानिदेशक द्वारा नामित किया जाएगा:

परंतु यह कि छानबीन समिति में कम से कम एक अधिकारी उस पद के स्तर से ऊपर का होगा जिसके लिए चयन किया जा रहा है।

(2) छानबीन समिति द्वारा शॉर्टलिस्ट किए गए उम्मीदवारों पर चयन के लिए चयन समिति द्वारा विचार किया जाएगा।

10. चयन समिति– (1) महानिदेशक द्वारा वैज्ञानिक 'ख', वैज्ञानिक 'ग', वैज्ञानिक 'घ' और वैज्ञानिक 'ङ' के पद पर चयन हेतु चयन समिति का गठन किया जाएगा जिसमें निम्नलिखित सदस्य होंगे:

(i) ब्यूरो के दो अधिकारी जो वैज्ञानिक 'च' के स्तर से अन्यून हों जिनमें से ज्येष्ठ अध्यक्ष होगा; और

(ii) बाहर से तीन विशेषज्ञ जो वैज्ञानिक 'च' की पंक्ति से अन्यून के हों:

परन्तु अनुसूचित जातियों या अनुसूचित जनजातियों की श्रेणी से किसी व्यक्ति के चयन के संबंध में इन श्रेणियों से संबंधित एक सदस्य होगा।

(2) वैज्ञानिक 'च' और वैज्ञानिक 'छ' के पदों पर चयन के लिए चयन समिति में निम्नलिखित सदस्य होंगे:

(i) सचिव, ब्यूरो के प्रशासनिक नियंत्रण वाले मंत्रालय या विभाग	-	अध्यक्ष
(ii) सचिव, विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग;	-	सदस्य
(iii) महानिदेशक, भारतीय मानक ब्यूरो;	-	सदस्य
(iv) निदेशक, राष्ट्रीय भौतिक प्रयोगशाला;	-	सदस्य
(v) निदेशक, केंद्रीय खाद्य प्रौद्योगिक अनुसंधान संस्थान;	-	सदस्य, और
(vi) सचिव, कार्मिक और प्रशिक्षण विभाग या	-	सदस्य

उसका प्रतिनिधि जो कि संयुक्त सचिव स्तर से कम का न हो।

11. नियुक्ति प्राधिकारी– चयन समिति की सिफारिश पर नियुक्ति प्राधिकारी द्वारा सभी पदों पर नियुक्ति की जाएगी:

परन्तु केन्द्रीय सरकार के पूर्व अनुमोदन के बिना वैज्ञानिक 'च' और वैज्ञानिक 'छ' के पदों पर नियुक्ति नहीं की जाएगी।

12. निरर्हता- (1) कोई भी व्यक्ति किसी भी पद पर प्रारंभिक नियुक्ति के लिए पात्र नहीं होगा, जब तक कि –

(क) उसने 21 वर्ष की आयु पूरी ना कर ली हो; और

(ख) वह भारत का नागरिक हो या वह व्यक्ति ऐसे प्रवर्ग से संबंधित हो जो केंद्रीय सरकार के अधीन नियुक्ति के लिए पात्र हो।

(2) ऐसे व्यक्ति -

(क) जिसने ऐसे व्यक्ति जिसका पति या जिसकी पत्नी जीवित है, विवाह किया है या विवाह की संविदा की है; या

(ख) जिसने अपने पति या अपनी पत्नी के जीवित रहते हुए किसी व्यक्ति से विवाह किया है या विवाह की संविदा की है, उक्त पद पर नियुक्ति का पात्र नहीं होगा।

13. भारत और भारत के बाहर सेवा करने के लिए वैज्ञानिकों के दायित्व - (1)वैज्ञानिक भारत और भारत से बाहर कहीं भी सेवा करने के लिए उत्तरदायी होगा।

(2) वैज्ञानिक को ऐसे प्रशिक्षण और प्रशिक्षण के अनुक्रम के ब्यौरे पर भारत या भारत से बाहर जाना होगा जिनका विनिश्चय समय-समय पर केंद्रीय सरकार द्वारा किया गया हो।

(3) यदि किसी भी कारण से, प्रशिक्षण के लिए ब्यौरेवार वैज्ञानिक, प्रशिक्षण के दौरान या ऐसे प्रशिक्षण के पूरा होने के तीन वर्ष की अवधि के भीतर अपनी सेवा को छोड़ देता है तो उसे प्रशिक्षण की पूरी लागत को प्रतिदत्त करना होगा।

14. वैज्ञानिक 'ख' और इससे ऊपर के पद पर प्रोन्नति - (1)वैज्ञानिक 'ग' से वैज्ञानिक 'छ' तक के स्तर के पदों पर प्रोन्नति केंद्रीय सरकार द्वारा समय-समय पर वैज्ञानिक संगठनों के लिए यथा-संशोधित, उपांतरित लचीली पूरक स्कीम में अधिकथित रीति से तत्काल निचले स्तर पर कार्य करने वाले अधिकारियों में से प्रोन्नति की जाएगी।

(2) आंतरिक छानबीन समिति हेतु -

(क) वैज्ञानिक 'ङ' तक के स्तर पर प्रोन्नति के लिए, महानिदेशक द्वारा समिति गठित की जाएगी, जिसमें ब्यूरो के कम से कम वैज्ञानिक 'च' स्तर के तीन अधिकारी शामिल होंगे ,और उनमें से ज्येष्ठतम समिति का अध्यक्ष होगा तथा चयन प्रक्रिया में परमाणु ऊर्जा विभाग, अंतरिक्ष एवं डीआरडीओ से एक बाहरी सदस्य को सह-योजित किया जाएगा;

(ख) वैज्ञानिक 'ङ' से वैज्ञानिक 'च' और वैज्ञानिक 'च' से वैज्ञानिक 'छ' पर प्रोन्नति के लिए, निम्नलिखित सदस्यों की एक समिति गठित की जाएगी, अर्थात् –

(i) अपर सचिव या संयुक्त सचिव, ब्यूरो पर प्रशासनिक नियंत्रण वाले मंत्रालय या विभाग; - अध्यक्ष

(ii) परमाणु ऊर्जा विभाग, अंतरिक्ष एवं डीआरडीओ से एक बाहरी सदस्य, - सदस्य; और

जो वैज्ञानिक 'च' या वैज्ञानिक 'छ' के स्तर से कम के न हो,जिसे महानिदेशक

द्वारा नामनिर्दिष्ट किया जाए;

(iii) ब्यूरो से ऐसा कोई अधिकारी जो वैज्ञानिक 'च' या वैज्ञानिक 'छ' - सदस्य

के स्तर से कम के न हो, महानिदेशक द्वारा नामनिर्दिष्ट किया जाए;

(3) निर्धारण समिति –

(क) वैज्ञानिक 'ङ' के स्तर तक प्रोन्नति के लिए कार्यकारिणी समिति द्वारा निम्नलिखित सदस्यों को शामिल किया जाएगा, अर्थात् :-

(i) ब्यूरो के ऐसे दो अधिकारी जो वैज्ञानिक 'च' के स्तर से अन्यून हों जिसमें से ज्येष्ठतम अध्यक्ष होगा; और

(ii) बाहर से तीन विशेषज्ञ जो वैज्ञानिक 'च' की पंक्ति से अन्यून के हों;

परन्तु अनुसूचित जातियों या अनुसूचित जनजातियों की श्रेणी से किसी व्यक्ति के चयन के संबंध में इन श्रेणियों से संबंधित एक सदस्य होगा।

(ख) वैज्ञानिक 'च' और वैज्ञानिक 'छ' के स्तर पर प्रोन्नति के लिए निम्नलिखित सदस्य शामिल किए जाएंगे, अर्थात्

(i) ब्यूरो पर प्रशासनिक नियंत्रण वाले मंत्रालय या विभाग का सचिव;	-	अध्यक्ष
(ii) अनुसंधान या वैज्ञानिक गतिविधियों में शामिल संस्थाओं या संगठनों के प्रशासनिक नियंत्रण वाले अन्य मंत्रालयों या विभागों के दो सचिव या उनके ऐसे प्रतिनिधि जो उपांतरित लचीली पूरक स्कीम में जिस पद हेतु स्वस्थाने प्रोन्नति की जानी है, वे उससे कम से कम एक स्तर ऊपर के हों	-	सदस्य
(iii) महानिदेशक, भारतीय मानक ब्यूरो	-	सदस्य
(iv) निदेशक, राष्ट्रीय भौतिक प्रयोगशाला	-	सदस्य
(v)निदेशक, केंद्रीय खाद्य प्रौद्योगिक अनुसंधान संस्थान	-	सदस्य

(4) वैज्ञानिक 'ख' से वैज्ञानिक 'ग', वैज्ञानिक 'ग' से वैज्ञानिक 'घ' और वैज्ञानिक 'घ' से वैज्ञानिक 'ङ' पर प्रोन्नति करने हेतु वैज्ञानिक संवर्ग के अधिकारियों के संबंध में निर्धारण समिति की सिफारिशों को नियुक्ति प्राधिकारी को अनुमोदन हेतु भेजा जाएगा।

(5) वैज्ञानिक 'ङ' से वैज्ञानिक 'च' और वैज्ञानिक 'च' से वैज्ञानिक 'छ' पर प्रोन्नति करने हेतु वैज्ञानिक संवर्ग के अधिकारियों के संबंध में निर्धारण समिति की सिफारिशों को केंद्रीय सरकार को अनुमोदन हेतु भेजा जाएगा।

(6) अधिकारियों की यथा सिफारिश प्रोन्नतियाँ, उनके अनुमोदन की तारीख से प्रभावी होंगी।

15. वैज्ञानिक 'ख' के पद पर प्रोन्नति – (1) वैज्ञानिक 'ख' पद पर प्रोन्नति विभागीय प्रतियोगी परीक्षा के माध्यम से की जाएगी।

(2) वैज्ञानिक 'ख' के पद पर प्रोन्नति के लिए पात्र अधिकारियों को निम्नलिखित घटकों के आधार पर प्रोन्नति के लिए निर्धारण किया जाएगा और प्रत्येक घटक के लिए सापेक्ष निर्धारण निम्नानुसार होगाः

(क) लिखित परीक्षा - 50 प्रतिशत

(ख) वार्षिक कार्यकारिता मूल्यांकन रिपोर्ट – 50 प्रतिशत

(3) लिखित परीक्षा में निम्नलिखित दो भाग होंगेः

(i) मानकीकरण और गुणता नियंत्रण से संबंधित सामान्य अवधारणाएँ; और

(ii) अभ्यर्थियों के संबंधित विषय का तकनीकी ज्ञान, जैसा कि दूसरी अनुसूची में दिया गया गया है;

(4) लिखित परीक्षा में अर्हता अंक पचपन प्रतिशत होंगे।

(5) पिछले पांच वर्षों के लिए वार्षिक कार्यकारिता मूल्यांकन रिपोर्ट (एपीएआर) के लिए अंक आवंटित किए जाएंगे, जो एपीएआर ग्रेडिंग के अनुसार अधिकतम 10 अंकों में से प्रत्येक वर्ष के लिए निम्न आधार पर होगा;:

उत्कृष्ट	9
बहुत अच्छा	7
अच्छा	5
औसत	3

(6) लिखित परीक्षा में प्राप्त कुल अंकों और पिछले पाँच वर्षों के एपीएआर के मूल्यांकन के आधार पर अभ्यर्थियों के चयन के लिए एक सूची तैयार की जाएगी।

(7) वैज्ञानिक-ख की प्रोन्नति के लिए अधिकारियों के संबंध में चयन सूची महानिदेशक को अनुमोदन के लिए भेजी जाएगी।

(8) अधिकारियों की प्रोन्नति उनके अनुमोदन की तारीख से प्रभावी होगी।

16. स्थायी समितिः (1) कम से कम वैज्ञानिक 'च' के स्तर से ऊपर वाले ब्यूरो के तीन अधिकारियों के सम्मिलन से कार्यकारी समिति द्वारा विषयों के समकक्ष निर्धारण के लिए स्थायी समिति बनाई जाएगी इनमें से ज्येष्ठतम अधिकारी समिति का अध्यक्ष रहेगा।

(2) विशेषज्ञता की आवश्यकता की पूर्ति के लिए जो कि अपेक्षित हो सकती है, स्थायी समिति अपेक्षित प्रयोजन के लिए समय समय पर यथा अपेक्षित अतिरिक्त विषयों का अवधारण भी करेगी।

17. संवर्ग की स्वीकृत संख्या – (1) संवर्ग की स्वीकृत संख्या केंद्रीय सरकार के अनुमोदन से कार्यकारिणी समिति द्वारा समय-समय पर अवधारण किए जाने के अनुसार होगी और इस संवर्ग संख्या में वैज्ञानिक ख, ग, घ, ङ, च और छ के अंतर्गत शामिल किए जाने वाले पदों की कुल संख्या वर्तमान में 579 होगी।

परन्तु इन पदों की कुल संख्या प्राधिकृत संख्या से अधिक नहीं होने की शर्त पर उपांतरित लचीली पूरक स्कीम के अधीन स्वस्थाने प्रोन्नति के कारण वैज्ञानिक ख ,ग ,घ ,ङ ,च और छ पदों के बीच परस्पर अंर्तपरिर्वनीयता होगी।

(2)उपांतरित लचीली पूरक स्कीम के अधीन स्वस्थाने प्रोन्नति संबंधित अधिकारी के लिए व्यक्तिगत होगी और इसके फलस्वरूप निम्न ग्रेड में कोई विशिष्ट रिक्ति नहीं होगी।

(3)संबंधित अधिकारी द्वारा वर्तमान में धारित पद अपग्रेड किया जाएगा और स्वस्थाने प्रोन्नत पद उनके पद ग्रहण करने की अवधि के दौरान व्यक्तिगत होगा।

(4)अधिकारी की अधिवर्षिता ,त्यागपत्र,पदच्युति या निधन के कारण हुई रिक्ति के परिणामस्वरूप वैज्ञानिक 'ख' का मूल पद ही वापस रिक्त होगा।

18. शिथिल करने की शक्ति– जहाँ कार्यकारिणी समिति की यह राय है कि ऐसा करना आवश्यक या समीचीन है, वहाँ वह उसके लिए जो कारण हैं उन्हें लेखबद्ध करके तथा केंद्रीय सरकार से परामर्श करके इन नियमों के किसी उपबंध को किसी वर्ग या प्रवर्ग के व्यक्तियों की बाबत, आदेश द्वारा शिथिल कर सकेगी।

19. व्यावृत्ति –इन विनियमों की कोई बात ऐसे आरक्षण ,आयु-सीमा में छूट और अन्य रियायतों पर प्रभाव नहीं डालेगी जिसका केंद्रीय सरकार द्वारा समय-समय पर जारी किए गए आदेशों के अनुसार अनुसूचित जातियों ,अनुसूचित जनजातियों ,भूतपूर्व सैनिकों और अन्य विशेष प्रवर्ग के व्यक्तियों के लिए उपबंध करना अपेक्षित है।

20. निर्वचन – इन विनियमों की निवर्चन के संबंध में यदि कोई प्रश्न उठता है तो केंद्रीय सरकार के अनुमोदन से ब्यूरो द्वारा विनिश्चय किया जाएगा।

प्रथम अनुसूची

(विनियम 3, 5, 8 और 15 देखें)

क्र. सं.	पद का नाम और वेतन मेट्रिक्स में स्तर	पदों की संख्या	पदों को भरने की पद्धति	सीधी भर्ती के लिए अधिकतम आयु सीमा	सीधी भर्ती या प्रतिनियुक्ति के लिए शैक्षणिक अर्हताएँ	सीधी भर्ती या प्रतिनियुक्ति के लिए अनुभव।	पदोन्नति के लिए पात्रता।
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)	(7)	(8)
1.	वैज्ञानिक 'ख' — स्तर 10 में (₹56100-177500)।	परिवर्तनीय*	(क) संवर्ग से 90% पद सीधी भर्ती द्वारा।	-	-	-	-

			(i) दूसरी अनुसूची में विनिर्दिष्ट विषयों के संबंध में सार्वजनिक प्रकटीकरण योजना के अंतर्गत आयोजित नवीनतम परीक्षा में सम्मिलित होने के बाद अंतिम प्राप्तांक के आधार पर।	तीस वर्ष।	अनिवार्य – (क) दूसरी अनुसूची में विनिर्दिष्ट किसी भी विषय में भारत सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त या सरकारी विनियामक निकायों द्वारा अनुमोदित विश्वविद्यालय या संस्थान या बोर्ड से इंजीनियरी या प्रौद्योगिकी या चिकित्सा में स्नातक उपाधि या समतुल्य अथवा प्रकृत विज्ञान में स्नातकोत्तर उपाधि या समतुल्य। (ख) सार्वजनिक प्रकटीकरण योजना के अंतर्गत आयोजित नवीनतम परीक्षा में सम्मिलित होने के बाद प्राप्तांक। टिप्पण 1: नियुक्ति प्राधिकारी के विवेकानुसार अन्यथा अर्हता प्राप्त अनुसूचित जातियों या अनुसूचित जनजातियों से संबंधित अभ्यर्थियों के मामले में अर्हताओं में छूट दी जा सकेगी, यदि चयन के किसी भी चरण में नियुक्ति प्राधिकारी की यह राय हो कि उनके लिए आरक्षित रिक्ति को भरने के लिए आवश्यक अर्हता रखने वाले इन समुदायों के पर्याप्त संख्या में अभ्यर्थी उपलब्ध होने की संभावना नहीं है। नियुक्ति प्राधिकारी ऐसा करते समय अर्हताओं में छूट देने	कुछ नहीं।	लागू नहीं।

					के कारणों को लिखित रूप में अभिलिखित करेगा।		
			(ii) दूसरी अनुसूची में विनिर्दिष्ट उन विषयों के संबंध में गेट प्राप्तांक के आधार पर, जिनके लिए गेट परीक्षा आयोजित की जाती है।	तीस वर्ष।	अनिवार्य - (क) दूसरी अनुसूची में विनिर्दिष्ट किसी भी विषय में भारत सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त या सरकारी विनियामक निकायों द्वारा अनुमोदित विश्वविद्यालय या संस्थान या बोर्ड से इंजीनियरी या प्रौद्योगिकी या चिकित्सा में स्नातक उपाधि या समतुल्य अथवा प्रकृत विज्ञान में स्नातकोत्तर उपाधि या समतुल्य। (b) गेट प्राप्तांक टिप्पण 1: नियुक्ति प्राधिकारी के विवेकानुसार अन्यथा अर्हता प्राप्त अनुसूचित जातियों या अनुसूचित जनजातियों से संबंधित अभ्यर्थियों के मामले में अर्हताओं में छूट दी जा सकेगी, यदि चयन के किसी भी चरण में नियुक्ति प्राधिकारी की यह राय हो कि उनके लिए आरक्षित रिक्ति को भरने के लिए आवश्यक अर्हता रखने वाले इन समुदायों के पर्याप्त संख्या में अभ्यर्थी उपलब्ध होने की संभावना नहीं है। नियुक्ति प्राधिकारी ऐसा करते समय अर्हताओं में छूट देने के कारणों को	कुछ नहीं।	लागू नहीं।

					लिखित रूप में अभिलिखित करेगा।		
			(iii) दूसरी अनुसूची में विनिर्दिष्ट उन विषयों के संबंध में, जिनके लिए सार्वजनिक प्रकटीकरण योजना या गेट के अंतर्गत कोई परीक्षा आयोजित नहीं की जाती है, सार्वजनिक प्रकटीकरण योजना के अंतर्गत शामिल न होने वाली किसी सरकारी एजेंसी द्वारा आयोजित राष्ट्रीय स्तर की परीक्षा में प्राप्त अंकों के आधार पर;	तीस वर्ष।	अनिवार्य - (क) दूसरी अनुसूची में विनिर्दिष्ट किसी भी विषय में भारत सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त या सरकारी विनियामक निकायों द्वारा अनुमोदित विश्वविद्यालय या संस्थान या बोर्ड से इंजीनियरी या प्रौद्योगिकी या चिकित्सा में स्नातक उपाधि या समतुल्य अथवा प्रकृत विज्ञान में स्नातकोत्तर उपाधि या समतुल्य। (ख) सार्वजनिक प्रकटीकरण योजना के अंतर्गत शामिल न होने वाली किसी सरकारी एजेंसी द्वारा आयोजित नवीनतम राष्ट्रीय स्तर की परीक्षा का प्राप्तांक। टिप्पण 1: नियुक्ति प्राधिकारी के विवेकानुसार अन्यथा अर्हता प्राप्त अनुसूचित जातियों या अनुसूचित जनजातियों से संबंधित अभ्यर्थियों के मामले में अर्हताओं में छूट दी जा सकेगी, यदि चयन के किसी भी चरण में नियुक्ति प्राधिकारी की यह राय हो कि उनके लिए आरक्षित रिक्ति को भरने के लिए आवश्यक अर्हता रखने वाले इन समुदायों के पर्याप्त	कुछ नहीं।	लागू नहीं।

					संख्या में अभ्यर्थी उपलब्ध होने की संभावना नहीं है। नियुक्ति प्राधिकारी ऐसा करते समय अर्हताओं में छूट देने के कारणों को लिखित रूप में अभिलिखित करेगा।		
			iv) प्रतियोगी परीक्षा के माध्यम से, दूसरी अनुसूची में दिए उन विषयों के संबंध में, जिनके लिए सार्वजनिक प्रकटीकरण योजना अथवा गेट के अंतर्गत कोई परीक्षा आयोजित नहीं की जाती है।	तीस वर्ष	अनिवार्य - (क) दूसरी अनुसूची में विनिर्दिष्ट किसी भी विषय में भारत सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त या सरकारी विनियामक निकायों द्वारा अनुमोदित विश्वविद्यालय या संस्थान या बोर्ड से इंजीनियरी या प्रौद्योगिकी या चिकित्सा में स्नातक उपाधि या समतुल्य अथवा प्रकृत विज्ञान में स्नातकोत्तर उपाधि या समतुल्य। टिप्पण 1: नियुक्ति प्राधिकारी के विवेकानुसार अन्यथा अर्हता प्राप्त अनुसूचित जातियों या अनुसूचित जनजातियों से संबंधित अभ्यर्थियों के मामले में अर्हताओं में छूट दी जा सकेगी, यदि चयन के किसी भी चरण में नियुक्ति प्राधिकारी की यह राय हो कि उनके लिए आरक्षित रिक्ति को भरने के लिए आवश्यक अर्हता रखने वाले इन समुदायों के पर्याप्त संख्या में अभ्यर्थी उपलब्ध होने की संभावना नहीं है। नियुक्ति प्राधिकारी	कुछ नहीं।	लागू नहीं।

					ऐसा करते समय अर्हताओं में छूट देने के कारणों को लिखित रूप में अभिलिखित करेगा।		
			(ख) विनियम 15 में विनिर्दिष्ट प्रक्रिया के अनुसार 10% पद समूह 'ख' पदों से प्रोन्नति द्वारा।	पचास वर्ष	लागू नहीं।	लागू नहीं।	(क) दूसरी अनुसूची में विनिर्दिष्ट किसी भी विषय में भारत सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त या सरकारी विनियामक निकायों द्वारा अनुमोदित विश्वविद्यालय या संस्थान या बोर्ड से इंजीनियरी या प्रौद्योगिकी या चिकित्सा में स्नातक उपाधि या समतुल्य अथवा प्रकृत विज्ञान में स्नातकोत्तर उपाधि या समतुल्य। (ख) प्रयोगशाला तकनीकी संवर्ग पद में तकनीकी सहायक (प्रयोगशाला) के रूप में दस वर्षों का सम्मिलित अनुभव या ज्येष्ठ तकनीकी सहायक (ड्राइंग) या पर्यवेक्षक (ड्राइंग) के रूप में दस वर्षों का

							अनुभव। (ग) विनियम 15 में यथा विनिर्दिष्ट विभागीय परीक्षा उत्तीर्ण।
2.	वैज्ञानिक-'ग' लेवल 11 (रु . 67700-208700)	परिवर्तनीय*	प्रोन्नति	-	-	-	केंद्रीय सरकार की उपांतरित लचीली पूरक स्कीम के अनुसार।
			प्रतिनियुक्ति	छप्पन वर्ष	अनिवार्य : दूसरी अनुसूची में विनिर्दिष्ट किसी भी विषय में भारत सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त या सरकारी विनियामक निकायों द्वारा अनुमोदित विश्वविद्यालय या संस्थान या बोर्ड से इंजीनियरी या प्रौद्योगिकी या चिकित्सा में स्नातक उपाधि या समतुल्य अथवा प्रकृत विज्ञान में स्नातकोत्तर उपाधि या समतुल्य। वांछनीय: दूसरी अनुसूची में विनिर्दिष्ट किसी भी विषय में भारत सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त या सरकारी विनियामक निकायों द्वारा अनुमोदित विश्वविद्यालय या संस्थान या बोर्ड से इंजीनियरी या प्रौद्योगिकी या चिकित्सा में स्नातकोत्तर उपाधि या समतुल्य अथवा प्रकृत विज्ञान में डॉक्टरेट उपाधि या समतुल्य।	केन्द्रीय सरकार या राज्य सरकारों, विश्वविद्यालयों, मान्यता प्राप्त अनुसंधान संस्थानों, सांविधिक संगठनों, स्वायत्त निकायों अथवा सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों में कार्यरत वैज्ञानिक या प्रौद्योगिकीविद्: (क) (i) जो नियमित आधार पर सदृश पद धारण किए हुए हैं; या (ii) जिन्होंने वेतन मैट्रिक्स के स्तर 10 में (रु. 56100-177500) में नियमित आधार पर उस पर नियुक्ति के बाद उस श्रेणी में पाँच वर्ष की सेवा की है और (ख) जिनके पास मानकीकरण या	

						क्वालिटी या आश्वासन या परीक्षण या उत्पादन या डिजाइन या अनुसंधान के क्षेत्र में चार वर्ष का अनुभव है। टिप्पण 1: प्रतिनियुक्ति की अवधि, जिसके अंतर्गत केंद्रीय सरकार के उसी या किसी विभाग में इस नियुक्ति से ठीक पहले धारित किए अन्य काडर बाह्य पद पर प्रतिनियुक्ति की अवधि है, साधारणतया तीन वर्ष से अधिक नहीं होगी, जिसे सक्षम प्राधिकारी के अनुमोदन से वर्षानुवर्षी आधार पर पाँच वर्ष की अधिकतम अध्याधीन रहते हुए और बढ़ाया जा सकता है। टिप्पण 2 : पोषक संवर्ग के विभागीय अभ्यर्थी जो उपांतरित लचीली पूरक स्कीम के अधीन स्वस्थाने प्रोन्नति की सीधी पंक्ति में हैं, सिवाय उसके जो फीडर ग्रेड के अधिकारी नहीं हैं, प्रतिनियुक्ति पर नियुक्ति के लिए विचार किए	

						जाने के पात्र नहीं होंगे। इसी प्रकार प्रतिनियुक्त अधिकारी उपांतरित लचीली पूरक स्कीम के अधीन स्वस्थाने प्रोन्नति के लिए विचार किए जाने के पात्र नहीं होंगे। टिप्पण 3 : प्रतिनियुक्ति द्वारा नियुक्ति के लिए अधिकतम आयु-सीमा आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तारीख को 56 वर्ष से अधिक नहीं होगी।	
3.	वैज्ञानिक 'घ' स्तर 12 (रु . 78800-209200)	परिवर्तनीय'	प्रोन्नति	-	-	-	केंद्रीय सरकार की उपांतरित लचीली पूरक स्कीम के अनुसार।
			प्रतिनियुक्ति	छप्पन वर्ष	अनिवार्य : दूसरी अनुसूची में विनिर्दिष्ट किसी भी विषय में भारत सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त या सरकारी विनियामक निकायों द्वारा अनुमोदित विश्वविद्यालय या संस्थान या बोर्ड से इंजीनियरी या प्रौद्योगिकी या चिकित्सा में स्नातक उपाधि या समतुल्य अथवा प्रकृत विज्ञान में स्नातकोत्तर उपाधि या समतुल्य। वांछनीय: दूसरी अनुसूची में विनिर्दिष्ट किसी भी विषय में भारत	केन्द्रीय सरकार या राज्य सरकारों, विश्वविद्यालयों, मान्यता प्राप्त अनुसंधान संस्थानों, सांविधिक संगठनों, स्वायत्त निकायों अथवा सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों में कार्यरत वैज्ञानिक या प्रौद्योगिकीविद्: (क) (i) जो नियमित आधार पर सदृश पद धारण किए हुए	

					सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त या सरकारी विनियामक निकायों द्वारा अनुमोदित विश्वविद्यालय या संस्थान या बोर्ड से इंजीनियरी या प्रौद्योगिकी या चिकित्सा में स्नातकोत्तर उपाधि या समतुल्य अथवा प्रकृत विज्ञान में डॉक्टरेट उपाधि या समतुल्य।	हैं; या (ii) जिन्होंने वेतन मैट्रिक के स्तर 11 में (रू.67700-208700) में नियमित आधार पर उस पर नियुक्ति के बाद उस श्रेणी में पांच वर्ष सेवा की हो; और (ख) जिनके पास मानकीकरण या क्वालिटी या आश्वासन या परीक्षण या उत्पादन या डिजाइन या अनुसंधान के क्षेत्र में आठ वर्ष का अनुभव है। टिप्पण 1: प्रतिनियुक्ति की अवधि, जिसके अंतर्गत केंद्रीय सरकार के उसी या किसी विभाग में इस नियुक्ति से ठीक पहले धारित किए अन्य काडर बाह्य पद पर प्रतिनियुक्ति की अवधि है, साधारणतया तीन वर्ष से अधिक नहीं होगी, जिसे सक्षम प्राधिकारी के अनुमोदन से वर्षानुवर्षी	

						आधार पर पाँच वर्ष की अधिकतम अध्यधीन रहते हुए और बढ़ाया जा सकता है। टिप्पण 2 : पोषक संवर्ग के विभागीय अभ्यर्थी जो उपांतरित लचीली पूरक स्कीम के अधीन स्वस्थाने प्रोन्नति की सीधी पंक्ति में हैं, सिवाय उसके जो फीडर श्रेणी के अधिकारी नहीं हैं, प्रतिनियुक्ति पर नियुक्ति के लिए विचार किए जाने के पात्र नहीं होंगे। इसी प्रकार प्रतिनियुक्त अधिकारी उपांतरित लचीली पूरक स्कीम के अधीन स्वस्थाने प्रोन्नति के लिए विचार किए जाने के पात्र नहीं होंगे। टिप्पण 3 : प्रतिनियुक्ति द्वारा नियुक्ति के लिए अधिकतम आयु-सीमा आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तारीख को 56 वर्ष से अधिक नहीं होगी।	
4.	वैज्ञानिक 'ङ' स्तर 13 (रु . 123100-215900)	परिवर्तनीय*	प्रोन्नति	-	-	-	केंद्रीय सरकार की उपांतरित लचीली पूरक स्कीम के अनुसार।

			प्रतिनियुक्ति	छप्पन वर्ष	अनिवार्य : दूसरी अनुसूची में विनिर्दिष्ट किसी भी विषय में भारत सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त या सरकारी विनियामक निकायों द्वारा अनुमोदित विश्वविद्यालय या संस्थान या बोर्ड से इंजीनियरी या प्रौद्योगिकी या चिकित्सा में स्नातक उपाधि या समतुल्य अथवा प्रकृत विज्ञान में स्नातकोत्तर उपाधि या समतुल्य। वांछनीय: दूसरी अनुसूची में विनिर्दिष्ट किसी भी विषय में भारत सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त या सरकारी विनियामक निकायों द्वारा अनुमोदित विश्वविद्यालय या संस्थान या बोर्ड से इंजीनियरी या प्रौद्योगिकी या चिकित्सा में स्नातकोत्तर उपाधि या समतुल्य अथवा प्रकृत विज्ञान में डॉक्टरेट उपाधि या समतुल्य।	केन्द्रीय सरकार या राज्य सरकारों, विश्वविद्यालयों, मान्यता प्राप्त अनुसंधान संस्थानों, सांविधिक संगठनों, स्वायत्त निकायों अथवा सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों में कार्यरत वैज्ञानिक या प्रौद्योगिकीविद्: (क) (i) जो नियमित आधार पर सदृश पद धारण किए हुए हैं; या (ii) जिन्होंने वेतन मैट्रिक्स के स्तर 12 में (78800-209200) में नियमित आधार पर उस पर नियुक्ति के बाद उस श्रेणी में पांच वर्ष सेवा की हो; या (iii) जिन्होंने वेतन मैट्रिक्स के स्तर 11 (रु. 67700-208700) में नियमित आधार पर उस पर नियुक्ति के बाद उस श्रेणी में दस वर्ष सेवा की हो; और (ख) जिनके पास	

						मानकीकरण या क्वालिटी या आश्वासन या परीक्षण या उत्पादन या डिजाइन या अनुसंधान के क्षेत्र में दस वर्ष का अनुभव है। टिप्पण 1: प्रतिनियुक्ति की अवधि, जिसके अंतर्गत केंद्रीय सरकार के उसी या किसी विभाग में इस नियुक्ति से ठीक पहले धारित किए अन्य काडर बाह्य पद पर प्रतिनियुक्ति की अवधि है, साधारणतया तीन वर्ष से अधिक नहीं होगी, जिसे सक्षम प्राधिकारी के अनुमोदन से वर्षानुवर्षी आधार पर पाँच वर्ष की अधिकतम अध्यधीन रहते हुए और बढ़ाया जा सकता है। टिप्पण 2 : पोषक संवर्ग के विभागीय अभ्यर्थी जो उपांतरित लचीली पूरक स्कीम के अधीन स्वस्थाने प्रोन्नति की सीधी पंक्ति में हैं, सिवाय उसके जो फीडर श्रेणी के	

						अधिकारी नहीं हैं, प्रतिनियुक्ति पर नियुक्ति के लिए विचार किए जाने के पात्र नहीं होंगे। इसी प्रकार प्रतिनियुक्त अधिकारी उपांतरित लचीली पूरक स्कीम के अधीन स्वस्थाने प्रोन्नति के लिए विचार किए जाने के पात्र नहीं होंगे। टिप्पण 3 : प्रतिनियुक्ति द्वारा नियुक्ति के लिए अधिकतम आयु-सीमा आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तारीख को 56 वर्ष से अधिक नहीं होगी।	
5.	वैज्ञानिक-'च' स्तर 13ए (रु.131100-216600)	परिवर्तनीय*	प्रोन्नति	-	-	-	केंद्रीय सरकार की उपांतरित लचीली पूरक स्कीम के अनुसार।
			प्रतिनियुक्ति	छप्पन वर्ष	अनिवार्य : दूसरी अनुसूची में विनिर्दिष्ट किसी भी विषय में भारत सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त या सरकारी विनियामक निकायों द्वारा अनुमोदित विश्वविद्यालय या संस्थान या बोर्ड से इंजीनियरी या प्रौद्योगिकी या चिकित्सा में स्नातक उपाधि या समतुल्य अथवा प्रकृत विज्ञान में स्नातकोत्तर उपाधि या समतुल्य।	केन्द्रीय सरकार या राज्य सरकारों, विश्वविद्यालयों, मान्यता प्राप्त अनुसंधान संस्थानों, सांविधिक संगठनों, स्वायत्त निकायों अथवा सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों में कार्यरत वैज्ञानिक या प्रौद्योगिकीविद्:	

					वांछनीय: दूसरी अनुसूची में विनिर्दिष्ट किसी भी विषय में भारत सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त या सरकारी विनियामक निकायों द्वारा अनुमोदित विश्वविद्यालय या संस्थान या बोर्ड से इंजीनियरी या प्रौद्योगिकी या चिकित्सा में स्नातकोत्तर उपाधि या समतुल्य अथवा प्रकृत विज्ञान में डॉक्टरेट उपाधि या समतुल्य।	(क) (i) जो नियमित आधार पर सदृश पद धारण किए हुए हैं; या (ii) जिन्होंने वेतन मैट्रिक्स में स्तर 13 (रु. 123100-215900) में नियमित आधार पर उस पर नियुक्ति के बाद उस श्रेणी में दो वर्ष सेवा की है (iii) जिन्होंने वेतन मैट्रिक्स में लेवल 12 (रु. 78800-209200) में नियमित आधार पर उस पर नियुक्ति के बाद उस श्रेणी में सात वर्ष सेवा की है; और (ख) जिनके पास मानकीकरण या क्वालिटी या आश्वासन या परीक्षण या उत्पादन या डिजाइन या अनुसंधान के क्षेत्र में 12 वर्ष का अनुभव है। टिप्पण 1: प्रतिनियुक्ति की अवधि, जिसके अंतर्गत केंद्रीय सरकार के उसी	

						या किसी विभाग में इस नियुक्ति से ठीक पहले धारित किए अन्य काडर बाह्य पद पर प्रतिनियुक्ति की अवधि है, साधारणतया तीन वर्ष से अधिक नहीं होगी, जिसे सक्षम प्राधिकारी के अनुमोदन से वर्षानुवर्षी आधार पर पाँच वर्ष की अधिकतम अध्यधीन रहते हुए और बढ़ाया जा सकता है। टिप्पण 2 : पोषक संवर्ग के विभागीय अभ्यर्थी जो उपांतरित लचीली पूरक स्कीम के अधीन स्वस्थाने प्रोन्नति की सीधी पंक्ति में हैं, सिवाय उसके जो फीडर श्रेणी के अधिकारी नहीं हैं, प्रतिनियुक्ति पर नियुक्ति के लिए विचार किए जाने के पात्र नहीं होंगे। इसी प्रकार प्रतिनियुक्त अधिकारी उपांतरित लचीली पूरक स्कीम के अधीन स्वस्थाने प्रोन्नति के लिए विचार किए जाने के पात्र नहीं होंगे।	

						टिप्पण 3 : प्रतिनियुक्ति द्वारा नियुक्ति के लिए अधिकतम आयु-सीमा आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तारीख को 56 वर्ष से अधिक नहीं होगी।	
6.	वैज्ञानिक-'छ' स्तर 14 (रु . 144200-218200)	परिवर्तनीय*	प्रोन्नति	-	-	-	केंद्रीय सरकार की उपांतरित लचीली पूरक स्कीम के अनुसार।
			प्रतिनियुक्ति	छप्पन वर्ष	अनिवार्य : दूसरी अनुसूची में विनिर्दिष्ट किसी भी विषय में भारत सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त या सरकारी विनियामक निकायों द्वारा अनुमोदित विश्वविद्यालय या संस्थान या बोर्ड से इंजीनियरी या प्रौद्योगिकी या चिकित्सा में स्नातक उपाधि या समतुल्य अथवा प्रकृत विज्ञान में स्नातकोत्तर उपाधि या समतुल्य। वांछनीय: दूसरी अनुसूची में विनिर्दिष्ट किसी भी विषय में भारत सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त या सरकारी विनियामक निकायों द्वारा अनुमोदित विश्वविद्यालय या संस्थान या बोर्ड से इंजीनियरी या प्रौद्योगिकी या	केन्द्रीय सरकार या राज्य सरकारों, विश्वविद्यालयों, मान्यता प्राप्त अनुसंधान संस्थानों, सांविधिक संगठनों, स्वायत्त निकायों अथवा सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों में कार्यरत वैज्ञानिक या प्रौद्योगिकीविद्: (क) (i) जो नियमित आधार पर सदृश पद धारण किए हुए हैं; या (ii) जिन्होंने वेतन मैट्रिक्स में स्तर 13ए (रु. 131100-216600) में नियमित आधार पर उस पर नियुक्ति के बाद	

					चिकित्सा में स्नातकोत्तर उपाधि या समतुल्य अथवा प्रकृत विज्ञान में डॉक्टरेट उपाधि या समतुल्य।	उस श्रेणी में दो वर्ष सेवा की है; या (iii) जिन्होंने वेतन मैट्रिक्स में स्तर 13 (रु. 123100-215900) में नियमित आधार पर उस पर नियुक्ति के बाद उस श्रेणी में चार वर्ष सेवा की है; और (ख) जिनके पास मानकीकरण या क्वालिटी या आश्वासन या परीक्षण या उत्पादन या डिजाइन या अनुसंधान के क्षेत्र में 15 वर्ष का अनुभव हो, जिनमें से प्रशासन, आयोजना, विकास तथा संबंधित क्षेत्र में सहयोग का सात वर्ष का अनुभव हो तथा सुसंगत क्षेत्र में कार्यक्रमों को विकसित प्रबंधित एवं निदेशित करने का अनुभव हो। टिप्पण1 : प्रतिनियुक्ति की अवधि, जिसके अंतर्गत केंद्रीय सरकार के उसी या किसी विभाग में इस	

						नियुक्ति से ठीक पहले धारित किए अन्य काडर बाह्य पद पर प्रतिनियुक्ति की अवधि है, साधारणतया तीन वर्ष से अधिक नहीं होगी, जिसे सक्षम प्राधिकारी के अनुमोदन से वर्षानुवर्षी आधार पर पाँच वर्ष की अधिकतम अध्यधीन रहते हुए और बढ़ाया जा सकता है। टिप्पण : 2 पोषक संवर्ग के विभागीय अभ्यर्थी जो उपांतरित लचीली पूरक स्कीम के अधीन स्वस्थाने प्रोन्नति की सीधी पंक्ति में हैं ,सिवाय उसके जो फीडर श्रेणी के अधिकारी नहीं हैं ,प्रतिनियुक्ति पर नियुक्ति के लिए विचार किए जाने के पात्र नहीं होंगे। इसी प्रकार प्रतिनियुक्त अधिकारी उपांतरित लचीली पूरक स्कीम के अधीन स्वस्थाने प्रोन्नति के लिए विचार किए जाने के पात्र नहीं होंगे। टिप्पण : 3 प्रतिनियुक्ति द्वारा नियुक्ति के लिए अधिकतम आयु-सीमा आवेदन प्राप्त	

						करने की अंतिम तारीख को 56 वर्ष से अधिक नहीं होगी।	

*** आज की तारीख में स्वीकृत पदों की कुल संख्या 579 है।**

टिप्पण : पहली अनुसूची के स्तम्भ 2 में उपदर्शित पदनाम के अतिरिक्त महानिदेशक कार्यात्मक आवश्यकताओं के अनुसार वैज्ञानिक संवर्ग के अधिकारियों को पदाभिहित कर सकते हैं।

दूसरी अनुसूची

(विनियम 3, 6 और 15 तथा पहली अनुसूची देखें)

विषयों की सूची

I विज्ञान पाठ्यक्रम

1. कृषि
2. रसायन
3. जीव-रसायन विज्ञान
4. सूक्ष्म जीवविज्ञान
5. भौतिक विज्ञान
6. कंप्यूटर विज्ञान और सूचना प्रौद्योगिकी
7. चिकित्सा (एमबीबीएस)
8. पर्यावरण विज्ञान

II. इंजीनियरी या प्रौद्योगिकी पाठ्यक्रम

1. खाद्य प्रौद्योगिकी
2. कृषि इंजीनियरी
3. जैव-प्रौद्योगिकी
4. डेयरी प्रौद्योगिकी
5. रसायनिक
6. शैल रसायन
7. पर्यावरण
8. चमड़ा
9. वस्त्र इंजीनियरी और फाइबर विज्ञान
10. विद्युत
11. इंस्ट्रुमेंटेशन
12. इलेक्ट्रॉनिक्स और दूरसंचार
13. कंप्यूटर
14. सिविल
15. मेक्ट्रोनिक्स
16. परिवहन
17. मकेनिकल

18. उत्पादन और औद्योगिक

19. ऑटोमोबाइल

20. खनन

21. जैव-रसायन विज्ञान

22. धातुकर्म

टिप्पण : जहां दो विषयों को संयुक्त किया गया है, वहां एक या दोनों की अर्हता स्वीकार्य हैं।

अलका, सचिव

[विज्ञापन-III/4/असा./407/2026-27]

BUREAU OF INDIAN STANDARDS

(Department of Consumer Affairs)

NOTIFICATION

New Delhi, the 27th October 2026

F. No. BS/11/07/2026-27.— In exercise of the powers conferred by section 39 of the Bureau of Indian Standards Act, 2016 (11 of 2016) and in supersession of the Bureau of Indian Standards (Recruitment to Scientific Cadre) Regulations, 2019, except as respects things done or omitted to be done before such supersession, the Bureau, with the previous approval of the Central Government, hereby makes the following regulations regulating the method of recruitment to the posts of Scientists in the Bureau of Indian Standards, Ministry of Consumer Affairs, namely:

1. Short title and commencement. - (1) These regulations may be called the Bureau of Indian Standards (Recruitment to Scientific Cadre) Regulations, 2026.

(2) They shall come into force on the date of their publication in the Official Gazette.

2. Definitions. (1) In these regulations, unless the context otherwise requires–

(a) "Act" means the Bureau of Indian Standards Act, 2016 (11 of 2016);

(b) “appointing authority” means the Director General;

(c) “Assessment Committee” means the committee constituted under sub-regulation (3) of regulation 14;

(d) GATE means the Graduate Aptitude Test in Engineering conducted by the Indian Institute of Science and the Indian Institutes of Technology and validity of the Gate score shall be as decided by GATE Organizing Institute, from time to time.

(e) “Internal Screening Committee” means the committee constituted under sub-regulation (2) of regulation 14;

(f) “Public Disclosure Scheme” means the initiative of the Department of Personnel and Training, Ministry of Personnel, Public Grievance and Pensioners, Government of India wherein for making available publically scores of non-recommended willing candidates (Candidates who qualify the written examinations but are not recommended after the interview) of the recruitment examinations conducted by the Central Government recruiting agencies viz. Union Public Service Commission, Railway Recruitment Board, Defence Research and Development Organization, Indian Navy, and Staff Selection Commission etc;

(g) "Schedule" means a Schedule appended to these regulations;

(h) "Scientific Cadre" means the posts specified in Bureau of Indian Standards Scientific Cadre constituted under regulations 3 and 4;

(i) "Screening Committee" means the committee constituted under regulation 9;

(j) "Selection Committee" means the committee constituted under regulation 10;

(k) "Rules" means the Bureau of Indian Standards Rules.

(2) Words and expressions used in these regulations and not defined herein but defined in the Act or the rules shall have the meanings respectively assigned to them in the Act and the rules.

3. Constitution of Scientific Cadre. – There shall be constituted a Scientific Cadre to be called the Bureau of Indian Standards Scientific Cadre consisting of persons appointed to the posts specified in column (2) of the First Schedule and in the disciplines as specified in the Second Schedule.

4. Members of Scientific Cadre. – The following persons shall be the members of the Scientific Cadre, namely :-

(a) persons from the erstwhile Indian Standards Institution Service Cadre who have become members of the Scientific Cadre under the Act;

(b) persons appointed to the Scientific Cadre of Bureau of Indian Standards prior to the commencement of these regulations; and

(c) persons appointed under these regulations.

5. Method of recruitment, Level in Pay Matrix, age-limit, qualifications, etc.– The method of recruitment, level in the Pay Matrix, age-limit, qualifications and other matters relating thereto shall be as specified in the First Schedule.

6. Direct recruitment of Scientist 'B'. – (1) Direct recruitment to the post of Scientist 'B' shall be made in accordance with sub-regulation (3) on the basis of:

(a) the final score in any latest examination under Public Disclosure Scheme in respect of those disciplines specified in the Second Schedule;

(b) the GATE score in respect of the disciplines specified in the Second Schedule;

